हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 31 दिसंबर 2025

07 किसान की आंखों में मिर्ची डालकर 25 लाख रुपए...



08 खुलासा: पारदी गैंग ने राजगढ़ के सर्राफा बाजार में मचाई थी दहशत





## समाचार संक्षेप

### जगदीश कॉलोनी में हुआ कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीराम कथा का शुभारंभ



**गुना।** शहर की जगदीश कॉलोनी में धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण सृजित करने के उद्देश्य से श्रीराम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन का शुभारंभ मंगलवार को कलश यात्रा से हुआ। यह आयोजन 30 दिसंबर से 6 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक चलेगा। संगीत मय श्री राम कथा का वर्णन मानस मर्मज्ञ, कथा व्यास श्री श्याम जी महाराज के मुखारविंद से होगा।आयोजकों ने बताया कि कलश यात्रा प्रातः 10 बजे गायत्री मंदिर से प्रारंभ होकर जल भरकर पुनः कथा स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। इसके बाद नियमित रूप से श्रीराम कथा का वाचन किया । कार्यक्रम का समापन बुधवार 7 जनवरी को हवन, शांति, पूर्णाहुति एवं भंडारे के साथ किया जाएगा। आयोजन स्थल जगदीश कॉलोनी, निर्धारित किया गया है।इस धार्मिक आयोजन का आयोजन समस्त भक्तगण, जगदीश कॉलोनी, गुना द्वारा किया जा रहा है।

### उदासी आश्रम बालाजी सरकार मंदिर पर पूर्व विधायक ने किया गरीबों को कंबल वितरण



**गुना।** कड़ाके की ठंड से जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से उदासी आश्रम बालाजी सरकार मंदिर परिसर में पूर्व विधायक राजेंद्र सलूजा द्वारा गरीब व असहाय लोगों को कंबलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जरूरतमंद लोग उपस्थित रहे, जिन्हें ससम्मान कंबल प्रदान किए गए।कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक राजेंद्र सलूजा ने कहा कि ठंड के मौसम में गरीब और असहाय वर्ग को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में समाज के सक्षम लोगों का यह दायित्व है कि वे आगे आकर जरूरतमंदों की मदद करें। उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है और इसी भावना के साथ यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।कंबल वितरण कार्यक्रम में उदासी आश्रम के बिप्र, मंदिर समिति के पदाधिकारी एवं समाजसेवी भी उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंदों के चेहरों पर राहत और संतोष साफ नजर आया।इस मौके पर उपस्थित लोगों ने पूर्व विधायक राजेंद्र सलूजा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के कार्य ठंड के मौसम में गरीबों के लिए सहायक साबित होते हैं। आयोजन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में मौजूद लोगों द्वारा समाज के अन्य लोगों से भी अपील की गई कि वे आगे आकर जरूरतमंदों की सहायता करें, ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड के कारण परेशान न हो।

### गुना में 69वीं 14 वर्षीय बालक राष्ट्रीय बॉक्सिंग मैचों का आज सेमीफाइनल के मुकाबले,




**गुना।** गुना जिले में 69वीं 14 वर्षीय बालक राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता 26 से 31 दिसंबर 2025 तक कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल और जिला पंचायत सीईओ अभिषेक दुबे के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल की उपस्थिति में उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्थित नोडल खेल केंद्र में आयोजित की जा रही हैं। प्रतियोगिता में नोडल खेल केंद्र के प्रभारी मनोज शर्मा और जिला बॉक्सिंग संघ गुना के सेकेट्री अंकित देशमुख ने बताया मैचों का आज चौथे दिन सेमीफाइनल सेशन-5 के कुल 22 बाउड्स हुई जिनमें 44 खिलाड़ियों में से 22 खिलाड़ियों ने अपनी जीत दर्ज कर फाइनल में अपनी जगह बनाई है। सुबह से ही मुकाबले चालू हो गए थे, जिनमें 28 से 30 किलो वजन वर्ग में पंजाब के नितिन और तमिलनाडु के बजई सीलन ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। 30 से 32 किलो वजन वर्ग में राजस्थान के यश और तमिलनाडु के डीएस खवीन ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। 32 से 34 किलो वजन वर्ग में राजस्थान के अंश और सीबीएससी वेलफेयर के लोकेश ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। 34 से 36 किलो वजन वर्ग में हरियाणा के निशांत और अरुणाचल प्रदेश के अगुंग नटुंग ने जीतकर फाइनल में प्रवेश किया।36 से 38 किलो वजन वर्ग में हरियाणा के रोहन और राजस्थान के छत्रपाल ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। 38 से 40 किलो वजन वर्ग में राजस्थान के अनुराज और सीबीएससी वेलफेयर के कुणाल ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। 40 से 42 किलो वजन वर्ग में असम के आकाश बर्मन और राजस्थान के गौरव ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। 42 से 44 किलो वजन वर्ग में दिल्ली के वीर और मध्य प्रदेश के अमृत ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। 44 से 46 किलो वजन वर्ग में मणिपुर के ओनिम और हरियाणा के अक्षित ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। 46 से 48 किलो वजन वर्ग में दिल्ली के श्याम और उत्तर प्रदेश के इनशांत ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया।

# कड़काड़ाती ठंड के बीच में हुआ मुनिद्वय का मंगल प्रवेश

## अब 4 जनवरी को 11 पिच्छिकाधारी संतों के साथ होगा गुना गौरव का ऐतिहासिक मंगल प्रवेश, तैयारियां जोरों से जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कड़ाके की ठंड और ओस की बूंदों के बीच मंगलवार सुबह जब निर्यापक श्रमण मुनिश्री शिवदत्त सागरजी एवं मुनिश्री पद्मदत्त सागरजी महाराज ने गुना की धरा पर कदम रखा, तो समूचा शहर धर्ममय हो गया। जैन समाज ने उत्साह और श्रद्धा के साथ मुनिराजों की अगवानी की। इस अवसर पर आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री शिवदत्त सागरजी ने गुनावासियों की जमकर प्रशंसा की।गुणवानों की नगरी है गुना मुनिश्री ने कहा कि उन्होंने गुना के बारे में बहुत सुना था, लेकिन आज यहाँ की भक्ति देखकर लगा कि इस नगरी का नाम सार्थक है—यथा नाम तथा गुण। उन्होंने कहा कि यहाँ के श्रावक इतनी तन्मयता और लयबद्ध तरीके से पूजन करते हैं कि किसी बाहरी संगीतकार की आवश्यकता ही नहीं पड़ती। इसी अटूट भक्ति का परिणाम है कि इस माटी से अब तक 3 मुनिराज और 8 आर्यिका माताजी दीक्षित होकर मोक्ष मार्ग पर प्रशस्त हुए हैं।उपदेशों को जीवन में उतारना ही सच्ची भक्ति मुनिश्री ने जीवन का



सार समझाते हुए कहा कि विषय- वासना और भोगों में डूबने वाला व्यक्ति नरक की ओर जाता है, जबकि धर्म और भक्ति में लीन होने वाले को मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि साधु का आना-जाना उतना महत्वपूर्ण नहीं है, जितना कि उनके जाने के बाद उनके उपदेशों को जीवन में धारण करना। मुनिश्री ने बताया कि उनके अग्रज गुना गौरव मुनिश्री सुदत्त सागरजी महाराज, जिन्होंने आचार्यश्री निर्भय सागरजी से दीक्षा ली है, आगामी 4 जनवरी को 11 पिच्छिकाधारी संतों के साथ पहली बार गुना नगर में प्रवेश करेंगे।बजरंगगढ़ में होगी आचार्यश्री की अगवानी मुनिश्री ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि 31 दिसंबर को गुना से बजरंगगढ़ तक विशाल पदयात्रा निकाली जाएगी। सभी श्रद्धालु बजरंगगढ़ पहुंचकर आचार्यश्री निर्भय सागरजी महाराज की भव्य अगवानी करेंगे। नए साल के प्रथम दिन भगवान शांतिनाथ के दर्शन-वंदन कर वहां से प्राप्त ऊर्जा के साथ 4 जनवरी 26 को दोपहर 2:30 बजे भव्य मंगल जुलूस के साथ मुनि संघ का गुना नगर में ऐतिहासिक प्रवेश होगा।

## अब साल में तीन बार लगते हैं मेले, एक लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद

# टेकरी सरकार मंदिर में अमिट आस्था का हुआ तेजी से विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर सहित समूचे जिले में प्रसिद्ध टेकरी सरकार मंदिर अब सनातन आस्था का सबसे बड़ा प्रतीक बनता जा रहा है। वर्षों तक जहां यहां केवल हनुमान जयंती पर पारंपरिक मेला आयोजित होता था, वहीं अब समय के साथ श्रद्धालुओं की आस्था और संख्या दोनों में इजाफा हुआ है। इसके चलते अब मंदिर परिसर में साल में तीन प्रमुख अवसरों पर मेले लगने लगे हैं।

### पहले एक, अब तीन धार्मिक आयोजन

टेकरी सरकार मंदिर में अब निम्न अवसरों पर मेले आयोजित किए जा रहे हैं। हनुमान जयंती पर पारंपरिक एवं ऐतिहासिक मेला, गुड़ी पड़वा के अवसर पर हिन्दी नववर्ष का धार्मिक स्वागत और अब नई परंपरा के रूप में स्थापित अंग्रेजी नववर्ष मनाने की बेला भी चल निकली है। इन आयोजनों के





दौरान टेकरी धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने लगी है।

### प्रशासन और ट्रस्ट ने संभाला मोर्चा

मेले की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने टेकरी धाम पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान आयोजित बैठक में टेकरी ट्रस्ट के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सुरक्षा, यातायात और भीड़ नियंत्रण पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही स्वच्छता, पेयजल और स्वास्थ्य सुविधाओं की भी समीक्षा की गई। नववर्ष के दौरान उमड़ने वाली भीड़ पर सीसीटीव्ही कैमरों की मदद से निगरानी रखी जाएगी।

### 1 लाख श्रद्धालुओं की संभावना

प्रशासनिक अनुमान के अनुसार हर बार की तरह इस बार भी करीब 1 लाख श्रद्धालु टेकरी धाम पहुंच सकते हैं। इस लिहाज से अतिरिक्त पुलिस बल और स्वयंसेवकों की तैनाती के साथ पार्किंग और प्रवेश मार्गों पर विशेष व्यवस्था जुटाई जा रही है।

### साज-सज्जा बनेगी आकर्षण का केंद्र

श्रद्धालुओं को आकर्षित करने के लिए टेकरी धाम को भव्य रूप दिया जा रहा है। मंदिर परिसर का गर्भगृह फूलों से सजाया जाएगा। साथ ही रंग-बिरंगी रोशनी से पूरा टेकरी धाम नहाएगा और रात्रिकालीन दृश्य विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगा।

### अलसुबह होगी मंगला आरती

अंग्रेजी नववर्ष पर लगने वाले मेले के दिन अलसुबह मंगला आरती के साथ धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। दिनभर दर्शन, पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन का दौर चलेगा।

लगातार बढ़ती भीड़ और आयोजनों से यह साफ है कि टेकरी सरकार मंदिर अब केवल स्थानीय नहीं, बल्कि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं का प्रमुख आस्था केंद्र बन चुका है।

## शासकीय रास्ते पर अवैध रूप से विक्रय की जा रही भसुआ, चूरी एवं गिट्टी के भंडारण

### कार्यवाही कर मौके पर ही थमाए नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी अमित सोनी के मार्गदर्शन में मंगलवार तहसील मकसूदनगढ़ नगर में शासकीय रास्ते पर अवैध रूप से कई जगह भसुआ, चूरी एवं गिट्टी के अवैध भंडारण एवं विक्रय की शिकायत लगातार मिल रही थी। जिसके क्रम में आज गुना रोड, सुठालिया रोड एवं भोपाल रोड पर अवैध रूप से भंडारण कर विक्रय करने पर तहसीलदार मकसूदनगढ़ डॉ. उदय सिंह, राकेश यादव पटवारी,कोटवार आदि की राजस्व टीम द्वारा मौके पर ही कार्यवाही कर रमेश पुत्र कैलाश सोधिया मकसूदनगढ़ सर्वे क्रमांक 117 रकबा 1.473 हेक्टेयर में से 10X15 फीट,लाखन सिंह पुत्र बंशीलाल सर्वे क्रमांक 375 रकबा 1.150 में से 10*15,गजराजसिंह पुत्र चंपालाल 10*15,गोविंद साहू ग्राम मकसूदनगढ़ सर्वे नंबर 285 रकबा 0.564 हेक्टेयर में से 20*20,मोहनसिंह पुत्र रामप्रसाद सूरजपुरा सर्वे नंबर 36 रकबा 2.863 हेक्टर में से 10*15, हरनाथसिंह पुत्र मानसिंह जाती लोधी 10*15 के मध्य प्रदेश भू राजस्थान 1959 की धारा 248 के तहत नोटिस जारी कर तामील कराए गए तथा खनिज विभाग गुना को अग्रिम कार्रवाई हेतु सूचित किया गया।





## कड़कड़ाती ठंड में जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

रुठियाई रेलवे स्टेशन पर रात्रि में कड़कड़ाती ठंड में विश्व हिंदू परिषद मध्यभारत प्रान्त के पूर्व प्रांत विशेष संपर्क सदस्य एवं पूर्व विभाग विशेष संपर्क प्रमुख , पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा द्वारा जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किए ।इस अवसर पर बड़ी संख्या में जरूरतमंदों उपस्थित रहे लोगों कंबल वितरण किए गए। नरेंद्र शर्मा ने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करें और उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है वर्ष भर विभिन्न सामाजिक कार्य करते रहते हैं।



## जनसुनवाई में सुनी गई आमजनों की समस्याएँ, अधिकारियों को निराकरण के दिये निर्देश आवेदकों द्वारा विभिन्न समस्याओं से संबंधित 210 आवेदन किये गये प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शासन के निर्देशानुसार मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। आज विभिन्न आवेदकों ने जनसुनवाई में सीमांकन, बिजली, पेंशन, नगरपालिका, स्वास्थ्य और नामांतरण के आवेदन प्रस्तुत किये गये, जिनके निराकरण के निर्देश दिये गये। आज इस दौरान लगभग 210 आवेदन नागरिकों द्वारा प्रस्तुत किये गये।

### स्वास्थ्य सुविधाओं, आधार कार्ड का नागरिकों ने लिया लाभ

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा अधिक से अधिक लोगों को आधार एवं स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो इसके लिए



विशेष प्रबंध के निर्देश दिये गये है। इसी क्रम में जनसुनवाई में नागरिकों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा 70+ आयुष्मान कार्ड, नेत्र परीक्षण, एचआईव्ही की जांच सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करायी गई, जिनका बड़ी संख्या में आवेदकों द्वारा लाभ लिया गया। आज जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे।

### रेडक्रास के माध्यम से दी 47 हजार रूपये की आर्थिक सहायता

आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा आर्थिक सहायता के विभिन्न आवेदनों पर 47 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि के चैक संबंधित आवेदकों प्रदान किये। जिनमें मीना बाई को 05 हजार रूपये, बब्लू प्रजापति, भगतसिंह रघुवंशी, रूपवती, वीरेन्द्र मीना को 10-10 हजार रूपये तथा जसवंत सिंह राजपूत को 02 हजार रूपये की राशि आर्थिक सहायता राशि के चैक प्रदान किये गये ।

### दिव्यांग को मिली व्हीलचेयर

जनसुनवाई में कलेक्टर श्री कन्याल के समक्ष आवेदिका भूरीबाई पत्नी स्व. हरिसिंह यादव, निवासी मधुसूदनगढ़, जिला गुना द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने दिव्यांग पुत्र राधेश्याम यादव को व्हीलचेयर उपलब्ध कराए जाने का अनुरोध किया था। जिसपर कलेक्टर श्री कन्याल द्वारा सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, गुना को त्वरित समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए गए। निर्देशों के पालन में दिव्यांग राधेश्याम यादव को व्हीलचेयर प्रदाय कराई गई।

## पत्रकार भवन में हुआ नेशनल मीडिया फाउंडेशन की संभागीय बैठक का आयोजन

# जयपुर में मनेगा पत्रकारिता स्थापना दिवस, गुना के पत्रकार भी जुटेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

राजस्थान के गुलाबी शहर जयपुर में पत्रकारों का महाकुंभ होने जा रहा है। नेशनल मीडिया फाउंडेशन के बैनर तले होने वाले इस आयोजन में देश के तमाम दिग्गज पत्रकार शामिल होंगे। इस भव्य आयोजन को लेकर स्थानीय पत्रकार भवन में संघ की संभागीय बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता खुद राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र जैन ने की। बैठक की अध्यक्षता मुख्य महासचिव भूपेन्द्र निगम ने की। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सिमरन उपाध्याय, महावीर सिंह तोमर एवं कमल काक मंचासीन रहे। श्री जैन ने बताया कि कार्यक्रम आगामी 29 एवं 30 जनवरी को जयपुर स्थित प्रेस क्लब में होगा।





कार्यक्रम में समूचे भारत से आने वाले पत्रकारों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाएगा। इस 54वें राष्ट्रीय सेमीनार एवं सम्मान समारोह में शामिल होने वाले पत्रकारों के रहने, खाने और घूमने की समूची व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अधिवेशन में शामिल होने वाले सभी पत्रकारों को स्मृति चिन्ह के साथ सम्मान पत्र भी दिया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी पत्रकारों को 29 जनवरी से पूर्व अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

### पत्रकारों की समस्याएं भी जानी

पत्रकार भवन में आयोजित संभागीय बैठक में नेशनल मीडिया फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने स्थानीय पत्रकारों की समस्याएं भी जानीं। उन्होंने पत्रकारों को आश्वासन दिल कि संघ प्रत्येक पत्रकार के साथ सदैव खड़ा रहेगा। इस अवसर पर यह घोषणा भी की गई कि गुना को आधुनिक और सर्वसुविधायुक्त पत्रकार भवन की सुविधा देने वाले आनंद सिंह लोढा को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने श्री लोढा को इसके लिए जयपुर का आमंत्रण भी दिया है।

### जिले की 1646 शासकीय प्राथमिक विद्यालयों में एफ.एल.एन. मेलों का आयोजन

**गुना ।** राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार फाउण्डेशनल लिटरेसी एण्ड न्यूमेरेशी शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 1 से 5 वीं तक संचालित जिले की समस्त शासकीय 1646 विद्यालयो में एक साथ एफ.एल.एन. मेलों का आयोजन किया गया। इन मेलों में कक्षा 1 से 5वीं के छात्र-छात्राओं की बौद्धिक विकास, भाषा विकास, गणित की पूर्व तैयारी एवं बच्चो में शारीरिक विकास, भावनात्मक विकास की दक्षताओं को परखने के लिये विद्यालयों में 6 प्रकार के स्टॉल लगाकर मेलों का आयोजन किया गया। सभी विद्यालयो में छोटे-छोटे छात्रों की दक्षताओ को विभिन्न गतिविधियों खेलों के माध्यम से जांचा गया।

## समाचार संक्षेप

### नव उदय सम्मान समारोह में पति-पत्नी का हुआ गरिमामयी सम्मान

**राघोगढ़।** जयपुर संत मीराबाई नव उदय साहित्यिक व सांस्कृतिक सम्मान–2025 के अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में साहित्य, गायन, नृत्य एवं कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु गुना (मध्यप्रदेश) निवासी राजेश श्रीवास्तव एवं उनकी धर्मपत्नी नीलम श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। यह सम्मान नव उदय प्रकाशन द्वारा राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदान किया गया, जिसमें देश-विदेश से चयनित लगभग 250 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।समारोह में उपस्थित साहित्यकारों एवं कला प्रेमियों ने राजेश श्रीवास्तव की रचनात्मक सक्रियता तथा नीलम श्रीवास्तव के सामाजिक व सांस्कृतिक योगदान की सराहना की। आयोजकों ने दंपति को सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर नव उदय प्रकाशन के पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे सम्मान समाज में सकारात्मक सृजन, साहित्यिक चेतना एवं सांस्कृतिक मूल्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।सम्मान प्राप्त कर राजेश श्रीवास्तव एवं श्रीमती नीलम श्रीवास्तव ने नव उदय प्रकाशन एवं आयोजन समिति के प्रति आभार व्यक्त किया।



### महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने की छात्र-छात्राओं की कॅरियर काउंसलिंग

**आरोन।** स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की नियमित गतिविधियों के अंतर्गत सोमवार को शासकीय महाविद्यालय आरोन के प्राध्यापकों द्वारा महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के साथ कॅरियर से सम्बंधित चर्चा कर मार्गदर्शित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक महाविद्या उपाध्याय ने स्कूल शिक्षक, कॉलेज प्राध्यापक एवं अन्य शासकीय विभागों में भर्ती प्रक्रिया एवं उनसे सम्बंधित भविष्य के बारे में विस्तार से बताया। वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक डॉ. वी.एस. मीना ने लक्ष्य निर्धारण एवं छात्र/छात्राओं को स्वमूल्यांकन के बारे में बताया। वनस्पति विभाग से डॉ कौसर जहां ने वन विभाग एवं शिक्षा विभाग में रोजगार से संबंधित जानकारी दी। बी.बी.ए. विभाग से रामकुमार भार्गव ने बैंकिंग एवं कॉर्पोरेट सेक्टर में भर्ती एवं उसकी तैयारी से सम्बंध में बताया। स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी मीना गुप्ता ने सरकारी नौकरी, स्वरोजगार एवं कौशल आधारित कॅरियर की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को मार्गदर्शित किया एवं बताया कि कोई भी परीक्षा देने के लिए विद्यार्थी को सामान्य ज्ञान, सामान्य गणित के साथ-साथ नियमित रूप से समाचार पत्र पढ़ना बहुत जरूरी है। विद्यार्थी अपने आस-पास के सफल व्यक्तिओं से सम्पर्क करते हुए अपने आप को नियमित मॉटीवेट करते रहें। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों सहित अधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित हुए।



### अमरोद शक्ति केंद्रों की बूथ समितियों के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित

# राष्ट्र निर्माण और जनसेवा को प्राथमिकता दें: सिसोदिया




हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने बमौरी विधानसभा के भारतीय जनता पार्टी के फतेहगढ़ मंडल के अंतर्गत जौहरी और हमीरपुर शक्ति केंद्र एवं बमौरी मंडल अंतर्गत बमौरी एवं अमरोद शक्ति केंद्रों की बूथ समितियों के सदस्यों के साथ आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सभी का कर्तव्य ही नहीं बल्कि दायित्व बनता है कि राष्ट्र निर्माण और जनसेवा को आगे रखकर समाज कल्याण के लिए कार्य करें ।

प्रदेश की डॉ मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के सेवा और विकास के दो वर्ष प्रदेश के हर नागरिक के विकास और प्रगति का नया आयाम है और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से प्रदेश के हर वर्ग के लोग लाभान्वित हो रहे हैं ।उन्होंने कहा कि केंद्र में मोदी जी और राज्य में डॉ मोहन यादव की डबल इंजन' सरकार की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकारें मिलकर गांवों को विकास का केंद्र बना रही हैं।

गरीब कल्याण, किसान सम्मान, आवास, उज्वला, मुफ्त राशन और स्वास्थ्य जैसी योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया जा रहा है। शासन की हर योजनाओं की जानकारी अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचे व लाभ मिले। इसकी जिम्मेदारी हमे उठानी होगी।

हमे आम लोगो को पार्टी से जोड़कर संगठन को मजबूत बनाना है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुशील दहिफले ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को पार्टी के आगामी पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व द्वारा आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी एवं उन्हें सफलता पूर्व कार्यान्वयन सुनिश्चित करने का सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया ।बैठक में फतेहगढ़ मंडल अध्यक्ष बलराम यादव,बमौरी मंडल अध्यक्ष राजू धाकड़,मोतीलाल प्रजापति, हरि सिंह यादव, रिंकू धाकड़, श्रीराम महाराज आदि उपस्थित रहे।

## रैली निकाल कर विराट हिंदू सम्मेलन के लिए लोगों को किया आमंत्रित



**भादौर मंडल में 18 जनवरी को विराट हिंदू सम्मेलन होगा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

रविवार को भादौर पाली मंदिर से भगवा बाइक रैली निकाल कर 18 जनवरी को होने जा रहे विराट हिंदू सम्मेलन के लिए लोगों को आमंत्रित किया। संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विराट हिंदू सम्मेलन हर मंडल पर आयोजित किए जा रहे हैं । उसी के निमित भादौर मंडल में 18 जनवरी को विराट हिंदू सम्मेलन का निश्चित हुआ है। बाइक रैली निकाल कर लोगों को जागरूक कर कार्यक्रम की सूचना दी जा रही है। बाइक रैली का समापन खजुरी में किया गया, जहां सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करने हर घर भगवा पताका लगाने मंदिरों पर दीप जलाने रंगोलियां बनाने जैसा आग्रह किया गया। सम्मेलन में जाति पाती की करो विदाई हम सब हिंदू भाई भाई का नारा लगाया गया। मंडल के भादौर, पाली , देहरी, घटवादा , भूपमढ़ी, पिपरौदा, सेमरा, नठाई, देवरी , खजूरी आदि ग्रामों में जाकर संपर्क किया ओर सम्मेलन के निमित आमंत्रित किया गया । इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के साथ सकल हिंदू समाज एवं सभी ग्रामों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कलेक्टर की प्रेरणा से सीबीएमओ ने बेटी के जन्मदिन पर जरूरतमंदों को बांटे कंबल

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

कलेक्टर महोदय गुना से प्रेरणा प्राप्त कर सामुदायिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक सराहनीय पहल करते हुए सीबीएमओ डॉ. के.एन. भिलवारे ने सर्दी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए गरीब व जरूरतमंद लोगों के बीच पहुंचकर कंबल वितरण किया। यह सेवा कार्य उन्होंने अपनी सुपुत्री डॉ.आकांक्षा के जन्मदिवस के अवसर पर किया, जिसे उपस्थित लोगों ने मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा प्रेरणादायी कदम बताया।इस अवसर पर डॉ. भिलवारे ने बस्तियों में जाकर न केवल जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए, बल्कि 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों का टीकाकरण भी सुनिश्चित कराया। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा घर-घर पहुंचकर बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई और आवश्यक टीके लगाए गए।कार्यक्रम के दौरान संबंधित ब्लॉक के बीपीएम, एएनएम एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य स्टाफ साथी भी मौजूद रहे, जिन्होंने टीकाकरण एवं वितरण कार्य में सक्रिय सहयोग किया। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए अनुकरणीय बताया।



# एनएसयूआई ने प्राचार्य के नाम सौंपा ज्ञापन कॉलेज की समस्याओं के निराकरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

महाविद्यालय आरोन में एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष रितेश रघुवंशी के निर्देशन में एवं कॉलेज अध्यक्ष पार्वती पंक्ति तथा विकुल जाटव (प्रभारी) के नेतृत्व में विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्राचार्य के नाम ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन के माध्यम से एनएसयूआई ने प्रमुख रूप से महाविद्यालय में बिना आईडी कार्ड के प्रवेश पर रोक, कक्षाओं का समय पर संचालन, तथा महाविद्यालय परिसर में स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा एवं पार्क की प्रतिदिन साफ-सफाई कराए जाने की मांग की। संगठन ने कहा कि इन समस्याओं के कारण विद्यार्थियों को पढ़ाई एवं अनुशासन से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।इस अवसर पर एनएसयूआई के मोना रजक (उपाध्यक्ष), भूरिया रजक, अमित यादव, कान्हा यादव, योगेन्द्र कुशवाह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। एनएसयूआई पदाधिकारियों ने मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में आंदोलन की चेतावनी दी है।



### आरोन ब्लॉक कांग्रेस प्रभारी रविंद्र रघुवंशी का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**आरोन।** पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक जिला कांग्रेस अध्यक्ष जयवर्धन सिंह के निर्देशन पर आरोन ब्लॉक कांग्रेस प्रभारी नियुक्त होने पर रविंद्र रघुवंशी का नगर आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा पुष्पमालाओं से भव्य एवं हार्दिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया तथा श्री रघुवंशी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने की बात कही।



### उन्नयन होने वाले अस्पताल को वर्तमान स्थल पर बनाने की मांग

## अभिभाषक संघ चंदेरी ने ज्ञापन प्रस्तुत किया



**अशोकनगर।** चंदेरी अभिभाषक संघ के द्वारा मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान अनुभागीय अधिकारी राजस्व चंदेरी के समक्ष उपस्थित होकर कलेक्टर जिला अशोकनगर के नाम चंदेरी के 30 से 50 बिस्तर उन्नयन होने वाले अस्पताल को वन भूमि में न बनाकर वर्तमान अस्पताल परिसर में ही निर्मित कराए जाने के संबंध में ज्ञापन प्रस्तुत किया है।

चंदेरी अभिभाषक संघ ने प्रशासन से यह मांग की है कि, जन भावना के अनुरूप और जनहित के लिए चंदेरी के बीचों बीच वर्तमान स्थल परिसर में ही उन्नयन होने वाले अस्पताल का निर्माण किया जावे अन्य किसी जगह नहीं जिससे कि आम जनमानस परेशानियों से बच सके। ज्ञातव्य हो कि नगर के मध्य वर्तमान अस्पताल परिसर में ही पर्याप्त जगह होने के बावजूद राजनैतिक प्रपंच के चलते अस्पताल को निज स्वार्थ में नगर से बाहर निर्माण किए जाने की कारवाही की जा रही है जबकि वर्ष 2019 में राज्य शासन स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी पत्र में अशोकनगर, मुंगावली सहित चंदेरी के सिविल अस्पताल के उन्नयन का उल्लेख किया गया था किंतु अशोकनगर सहित मुंगावली के अस्पताल का उन्नयन किया जा चुका है राजनैतिक अटकलों और दबावके चलते लगभग 5 वर्ष से अधिक समय व्यतीत हो जाने के पश्चात भी चंदेरी सिविल अस्पताल का उन्नयन कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है। प्रस्तुत किए गए ज्ञापन में जिन अभिभाषकगणों द्वारा अपने हस्ताक्षर कर ज्ञापन प्रस्तुत किया है उसमें सर्व श्री अंशुल श्रीवास्तव अध्यक्ष, अनिल कुमार तिवारी सचिव, आलोक चैरसिया, संजय मुद्गल, सिराज पठान, आदित्य चैरसिया, योगेंद्र जैन, शैलेंद्र सुमन, कृष्ण बल्लभ लोधी, अनीस उल्ला खान, इंद्र मोहन चैरसिया, सतीश श्रीवास्तव, राजकुमार चैबे, निर्मल विश्वकर्मा आदि ने अपने हस्ताक्षर कर और उपस्थित होकर अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन प्रस्तुत किया है।

## जनसुनवाई में 258 आवेदकों की सुनी गई समस्याएं

### जिपं सीईओ एवं अपर कलेक्टर ने की सुनवाई



**अशोकनगर।** मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में आवेदकों की समस्याओं को समक्ष में सुनकर निराकरण के निर्देश मौके पर उपस्थित जिला अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में 258 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश जिला अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में ग्राम सेहराई निवासी विकास यादव द्वारा इलेक्ट्रिक साईकिल दिलाए जाने, ग्राम हमीदपुर निवासी शोभाराम कुशवाह द्वारा पट्टा दिलाए जाने,मुंगावली निवासी जीत सिंह सिक्ख द्वारा ट्रांसफार्मर चालू करवाए जाने,पछाड़ीखेड़ा अशोकनगर निवासी हरिओम सेन द्वारा प्लाट पर कब्जा दिलाए जाने,ग्राम मलावनी निवासी किशन सिंह लोधी द्वारा नामांतरण कराए जाने, ग्राम आकेत निवासी अखलेश,आयुषी द्वारा छात्रवृत्ति दिलाए जाने, ग्राम कोहरवास निवासी इन्द्रभान यादव द्वारा नक्शा कम्प्यूटर पर अमल कराए जाने, वार्ड नंबर 8 अशोकनगर निवासी अभि पारासर द्वारा नाली की व्यवस्था कराए जाने,ग्राम नैथाई निवासी लक्ष्मण सिंह कुशवाह द्वारा जल निकासी की व्यवस्था कराए जाने,ग्राम बांसाखेड़ी निवासी आदित्य अहिरवार द्वारा जन्म तिथि सुधरवाए जाने संबंधी समस्या मूलक आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के निराकरण समय सीमा में किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को मौके पर दिए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर, बृजविहारी लाल श्रीवास्तव सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रार्थना की चतुर कला-जब भक्त ने एक वरदान में मांग लिया पूरा संसार



हरिभूमि न्यूज ⏭ शाढ़ौरा

अक्सर कहा जाता है कि भगवान से मांगना भी एक कला है। कुछ लोग संकोच में मांग नहीं पाते, तो कुछ इतना मांग लेते हैं कि झोली छोटी पड़ जाती है। मंगल मेरिज गार्डन में जारी श्रीराम कथा के तीसरे दिन कथावाचक अष्टावक्र महाराज ने रामजन्म की कथा प्रसंग का वर्णन करते हुए भक्ति के उस अनूठे स्वरूप पर प्रकाश डाला है, जहां भक्त अपनी चतुराई और अटूट प्रेम से ईश्वर को ही अपना बना लेता है।

**एक वरदान और खुशियों का संसार**

भक्ति मार्ग में एक प्रचलित प्रसंग का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि कैसे एक वृद्ध महिला ने अपनी बुद्धिमत्ता से महादेव को निरुत्तर कर दिया। जब उसे एक ही वरदान मांगने को कहा गया, तो उसने अपनी आंखों की रोशनी, धन-संपत्ति और वंश (नाती) को एक ही वाक्य में पिरो दिया। उसने कहा प्रभु, मैं सोने के कटोरे में अपने नाती को दूध पीता देखना चाहती हूं। इस एक मांग ने उसे दृष्टि भी दी, वैभव भी दिया और परिवार का सुख भी।

**मनु महाराज का अनूठा प्रेम-पिता से पुत्र बनने की अभिलाषा**

आध्यात्मिक चर्चा को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने रामचरितमानस के उस प्रसंग का उल्लेख किया, जहाँ मनु महाराज और सतरूपा कठिन तपस्या के बाद भगवान से वरदान मांगते हैं। हम प्रतिदिन प्रार्थना करते हैं। त्वमेव माता च पिता त्वमेव. अर्थात प्रभु आप ही हमारे माता-पिता हैं। किंतु मनु जी का प्रेम इतना प्रगाढ़ था कि उन्होंने जगत-पिता को ही अपना पुत्र बनाने का वरदान मांग लिया। उन्होंने कहा किकृ आप भले ही संसार के पिता हों, पर मैं चाहता हूँ कि आप मेरे पुत्र बनकर आएं। भक्त के अधिकार की पराकाष्ठा है वह अपने ईश्वर को अपने वात्सल्य के बंधन में बांधना चाहता है।

### मंगलवार को क्रिकेट स्पर्धा में 3 मैच खेले गए



**अशोकनगर।** लगान क्रिकेट क्लब अशोकनगर के द्वारा मैत्री कप सीजन 5 का आयोजन किया जा रहा है। शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज ग्राउंड पर खेले जा रहे जिला स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को तीन मुकाबले खेले गए। पहला मैच सियाराम इलेक्ट्रिकल और मुंगावली पैंथर के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंगावली पैंथर ने निर्धारित 10 ओवर में 89 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए सियाराम इलेक्ट्रिकल 8.2 ओवर में ही केवल 3 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया जिसमें मैन ऑफ द मैच सोनू दोहरे रहे जिन्होंने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिए। दिन के दूसरे मैच किंग्स ऑफ़ आवरी सरपंच 11 और बालाजी 11 के बीच खेला गया जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए किंग्स ऑफ़ आवरी सरपंच 11 ने निर्धारित 9.3 ओवर में 92 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए बालाजी 11 ने 10 ओवर मात्र 70 रन ही बना सकी । इस मैच के मैन ऑफ द मैच अमहीद ख़ान रहे। दिन के तीसरे और अंतिम मैच में साईं सिटी और मुँगवाली पैंथर के बीच हुआ । टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मुँगवाली पैंथर निर्धारित 10 ओवर में 104 रन बनाये ।लक्ष्य का पीछा करते हुए साईं सिटी मात्र 82 रन ही बना सकी और 22 रन से मैच हार गई इस मैच के मैन ऑफ द मैच सचिन रहे। आज के कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य भूमिका में रहे आयोजन कमेटी के सदस्य अनिल धकाते सर,संजू दैलवार,जगभान यादव, राजेश सोनी, पुष्पेंद्र अहिरवार, गौरव त्यागी, विनोद बेरसिया, पुनीत धाकड़, राजदीप सिंह, जसप्रीत जस्सी,विवेक खरे, आदि मौजूद रहे एवं लगान कमेटी सभी दर्शकों का एवं खेल प्रेमियों का हार्दिक बंधन अभिनंदन करती है।

### आज गोला कोट तीर्थ क्षेत्र में होगी मुनि सुधासागर महाराज की आगवानी

# नववर्ष की पूर्व संध्या पर होगी 1008 दीपों से महा आरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

नव वर्ष की पूर्व संध्या पर श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के तत्वावधान में श्री आदिनाथ धाम गंज मंदिर मैदान में एक भव्य विशाल रंगोली सजाकर 1008 दीपकों से नववर्ष की पूर्व संध्या पर महा आरती होगी इसके पहले श्री आदिनाथ स्वामी की महा आराधना रूप श्री भक्तावर पाठ संगती के साथ आयोजित किया जा रहा है। इस हेतु ट्रस्ट कमेटी द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है उक्त आशय के उद्गार सुभाषगंज में आज जैन समाज के मंत्री शैलेन्द्र श्रृंगार ने व्यक्त किए।

**राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी की अगवानी में शामिल होगा अशोकनगर का दल**

इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि गत 20 दिसंबर को अशोकनगर से तीर्थोदय तीर्थ गोला कोट की ओर विहार कर रहे राष्ट्र संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ का आज भव्य मंगल प्रवेश होगा। इस हेतु श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी अध्यक्ष राकेश कासंल, महामंत्री राकेश अमरोद के नेतृत्व में अशोक नगर जैन समाज का दल कल दोपहर में खनियाधाना पहुंच कर भव्य शोभायात्रा में शामिल होगा इसके साथ ही दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी अशोक नगर जैन युवा वर्ग जैन जागृति मंडल जैन मिलन सहित अन्य संगठनों इस भव्य आगवानी की शोभा बढ़ाते हुए साथ चलेंगे।



**नव वर्ष पर होगा आदीश्वर धाम में महा मस्तिष्काभिषेक**

इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि तीर्थ चक्रवर्ती निर्यापक श्रमण मुनिपुंगव श्री सुधासागर महाराज की मंगल प्रेरणा एवं आशीर्वाद से अशोकनगर के बड़े बाबा श्री आदिनाथ भगवान की दिव्य, अलौकिक एवं मनोहारी प्रतिमा के समक्ष 31 दिसंबर की रात्रि में 9 बजे नवीन भव्य जिनालय की रंगोली सजाकर 1008 दीपकों से महाआरती, रात्रि में संगीतमय अखंड भक्तामर पाठ और 1 जनवरी को प्रातः 7:30 बजे से श्रीजी का अभिषेक एवं प्रातः 8:30 बजे से सामूहिक भक्तामर महामंडल विधान का महा आयोजन किया जा रहा है।



**नदी का प्रभाह हमेशा हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है हमें भी आगे बढ़ते रहना चाहिए-मुनि श्री**

इधर आज गोला कोट पहुंचने के पहले भक्तों को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रसंत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने कहा कि नदी का प्रभाह हमेशा आगे की ओर ले जाता है ऐसे ही जीवंत प्राणी के लिए हमेशा आगे बढ़ते रहना चाहिए यही विकास वाद कहलाता है हमेशा आगे बढ़ते रहने की ललक आपके अंदर होना चाहिए उसका प्रभाय हमेशा वना रहे धर्म भाव परख है द्रव्य परख नहीं होता धर्म भावनाओं से किया जाता है धर्म देखने में नहीं आता धर्मात्माओं के देखने से धर्म देखने में आता है। जहां जहां धर्मात्मा रहेंगा वह धर्म भी रहेगा।

## खबर संक्षेप

### नए साल में उर्वरक वितरण के लिए ई-टोकन प्रणाली लागू होगी

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार जिले में उर्वरक वितरण के लिए ई-टोकन प्रणाली लागू की जायेगी। जिससे किसानों को आसानी से उर्वरक उपलब्ध हो सकेगा। ई-टोकन प्रणाली के तहत कृषक अपनी आधार लिंक फार्मर आई.डी. का उपयोग करके ऑनलाईन टोकन साईट पर 01 जनवरी 2026 से घर बैठे पोर्टल से ऑनलाईन बुक कर सकेंगे। खाद लेने के लिए ई-टोकन पोर्टल पर डबललॉक केन्द्र, एम.पी.एग्रो, समितियों (पैक्स), निजी विक्रेताओं को जोड़ा गया है। किसान अपनी सुविधा अनुसार उर्वरक विक्रेता का चयन कर ई-टोकन बुक कर सकते हैं। निर्धारित समय के भीतर वितरण केन्द्र से खाद प्राप्त कर सकते हैं इस प्रणाली के माध्यम से किसानों को आसानी से खाद प्राप्त करने का विकल्प उपलब्ध कराया जा रहा है। पंजीकरण हेतु किसानों का अपना आधार नम्बर एग्री स्टेक पोर्टल पर पंजीकृत करना होगा। फार्मर आई.डी. पर रकबा एवं फसल की जानकारी अपडेट होना आवश्यक है। मोबाईल पर ओ.टी.पी. के माध्यम पंजीयन की प्रक्रिया करनी होगी। टोकन जनरेशन - पोर्टल किसान की चयनित फसल और उपलब्ध रकबे के अनुसार आवश्यक उर्वरकों के प्रकार और वितरण केन्द्र के चयन के बाद स्वचालित रूप से ई-टोकन जारी करेगा।

### सेवा निवृत्ति पर शिक्षक को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई



**पिपरई।** तहसील ग्राम पंचायत गरेठी में खिरिया सहराई प्राथमिक विद्यालय पर पदस्थ शिक्षक बृजभान सिंह चैहान की सेवा निवृत्ति पर उन्हें आयोजित कार्यक्रम में सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस मौके पर उपस्थित जनों ने उनके शैक्षिणक कार्यों का सराहना करते हुए कहा कि वह हमेशा स्कूल के बच्चों में शिक्षा के प्रति हमेशा ईमानदारी और सजगता से कार्य किया और उन्होंने अपने जीवन काल में शिक्षा के प्रति और बच्चों के भविष्य में हमेशा स्कूल नियमित समय पर स्कूल कैसा भी कोई भी मौसम की स्थिति हो हमेशा स्कूल पर मौजूद रहते थे। सभी शिक्षकों ने उनकी सेवानिवृत्ति पर विदाई दी। सेवानिवृत शिक्षक बृजभान सिंह चैहान ने कहा कि उनकी सेवा अवधि में सभी का अच्छा सहयोग मिला। हमें जो जिम्मेदारी मिली है उसे हम अपने जीवन में पूरी ईमानदारी से निभाएं यहीं सच्ची सेवा है। इस मौके पर शैलेंद्र सिंह बीआरसी, वृंदावन लाल लोधी, चंद्रेश शर्मा,जयपालसिंह नरवरिया,श्यामलाल आदिवासी, राजेंद्र सिंह सोलंकी, ओर समस्त गाँव के सदस्य बड़ी संख्या में विदाई कार्यक्रम में मौजूद रहे।

### परीक्षाओं में प्रतिभागियों ने भाग लिया

**अशोकनगर।** श्रीराम संगीत एवं कला महाविद्यालय अशोकनगर में गायन वादन चित्रकला नृत्य की परीक्षाएं संपन्न हुई। विगत 8 वर्षों से यह संस्था संचालित हो रही है। संचालिका रूबी गुप्त ा(रिंकल सेठ) ने बताया कि यह विद्यालय दिल्ली से संबंद्ध है। अशोकनगर में ही इसकी परीक्षाएं सम्पन्न होती है प्रभाकर को बी.म्यूजिक के बराबर दर्जा दे दिया गया हेस्से बच्चों का इस क्षेत्र में रुझान बढ़ेगा।इस बार आधे सैकड़ा बच्चों ने परीक्षा दी है पहली बार ऐसा हुआ कि इतने सारे बच्चों ने संगीत के क्षेत्र में परीक्षाएं दी, चूंकि गुना और अशोकनगर जिले का एकमात्र महाविद्यालय होने की वजह से अशोकनगर के अलावा गुना, सिरोंज, शाढ़ौरा, चंदेरी, कुछ शिवपुरी जिले के स्टूडेंट रन्नौद खरिया से भी स्टूडेंट ने परीक्षाएं सम्पन्न हुई। संचालिका ने बताया कि संगीत के क्षेत्र में भी माता पिता सजग हो रहे हैं इसमें दस हजार से भी ज्यादा भर्ती लास्ट ईयर निकली थी।बच्चे इसमें भी अपना भविष्य बना सकते है, आर्ट और म्यूजिक टीचर बनकर, इसमें भर्तीया वर्ग 2 वर्ग 3 की निकलती है।

## 3 बदमाशों ने घटना को दिया अंजाम, किसान का अस्पताल में उपचार जारी

# किसान की आंखों में मिर्ची डालकर 25 लाख रुपए लूट ले गए बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





तूमैन अशोकनगर सड़क मार्ग पर बदमाशों ने मंगलवार की सुबह 10 बजे लूट की यह घटना को अंजाम दिया। बाईक से आए 3 अज्ञात लुटेरों ने किसान के बैग में रखे 25 लाख रूपए लूट लिए, जब किसान ने विरोध किया तो उसकी आंखों में मिर्ची डालकर बदमाश भाग गए। किसान को जिला अस्पताल अशोकनगर में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

घटना की कहानी यह है कि लखविन्दर पुत्र सतपाल सिंह उम्र 40 साल निवासी तमोईया चक्क का रहने वाला है। किसान का कहना है कि वह अपने घर से सुबह 10 बजे 25 लाख रूपए लेकर निकला था यह रूपए उसने एक पन्नी में रखने के बाद उसे बैग में रख लिया था और बाईक के आगे रखकर ला रहा था। उसे अचानक याद आया कि वह अपना मोबाइल घर पर भूल आया है, वह लौटकर घर गया और मोबाइल लेकर वापिस जब आ रहा था तभी उसके साथ यह घटना हुई। इस घटना में बदमाशों ने उसे रोका और कहा कि यह जमीन बिकाउ है खरीदना है क्या यह कहकर उसे बातों में लगाया और बाद में आंखों में मिर्ची डालकर बैग छीनकर ले जाने लगे। इस दौरान उसने बाईक पर बैठकर ही विरोध किया लेकिन तब तक बदमाश भाग चुके थे।

### 2 बदमाश मुंह पर कपड़ा बांधे थे घटना के बाद भी कोई बचाने नहीं आया

इस घटना के दौरान किसान का कहना है कि उसने मार्ग से निकलने वाले वाहन चालकों से मदद मांगी लेकिन कोई मदद के लिए नहीं आया। इस दौरान एक ग्रामीण ने उसके परिवारजनों को घटना की जानकारी से अवगत कराया जिसके बाद परिवार जन पहुंचे और उसे जिला अस्पताल अशोकनगर लाया गया और पुलिस को सूचना दी गई। इस घटना के बाद पुलिस



आरोपियो की तलाश में लगी है। यह घटना पेट्रोल पंप के समीप होना बताई गई है । जिसमें बताया गया है कि दो बदमाश मुंह पर कपडे बांधे हुए थे किसान ने किसी भी प्रकार की जानकारी इन बदमाशों के बारे में नहीं दी है कि यह कौन थे कहां से आए थे और अगर किसान यह रूपए लेकर जा रहा था तो इसका पता कैसे बदमाशों को था। यह सब मुददे भी जांच के विषय हैं।

### किसान ने कहा वह रूपए लौटाने जा रहा था

इस घटना के बारे में किसान लखविन्दर सिंह का कहना है कि उसने अपने मिलने वालों से 25 लाख रूपए लिए थे यह आपस में हमारा लेन देन चलता रहता है। एक दूसरे को जरूरत पड़ने पर वह लेन देन करते रहते हैं। यह 25 लाख रूपए में से 24 लाख रूपए उसे रामपुरा मोहल्ला निवासी जज्जी को देना था और 1 लाख रूपए रामपुरा में ही रहने वाले एक सैनिक से लिए थे उसे वापिस करना था। इस घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपियों की तलाश कर रही है वही दूसरी ओर लूट यह बड़ी घटना अशोकनगर जिले में हुई है। इस घटना ने आमजनों और व्यापारियों को सचेत कर दिया है कि इस तरह रूपए लेकर न आए जाएं। फिलहाल पुलिस के लिए यह घटना जांच का विषय है।

इधर लूट की घटना हुई उधर पुलिस ने शाढ़ौरा में हुई लूट की घटना के एक और आरोपी को दबोचा।

शाढौरा थाने के अंतर्गत घटित 20 लाख रुपये की सनसनीखेज लूट के प्रकरण में कट्टे की नोक पर लूट करने वाला अंतर्राज्यीय लुटेरा सोनू उर्फ सुनील उर्फ जसरथ पुत्र शंकरलाल मीना उम्र 35 साल निवासी ग्राम केशोपुर थाना कुंभराज जिला गुना को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास घटना में प्रयुक्त 315 बोर का देशी कट्टा 06 जिंदा कारतूस एवं लूटे गये 05 लाख रूपये जप्त किए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि थाना शाढौरा अंतर्गत दिनांक 03.12.2025 को गुना अशोकनगर रोड स्थित नगऊखेड़ी तिराहा एवं रेलवे फाटक के मध्य फरियादी नीरज साहू पिता भगवान सिंह साहू, उम्र 33 वर्ष, निवासी शाढौरा के साथ चार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा 20 लाख रुपये की लूट की गंभीर घटना की गई थी। घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर श्री राजीव कुमार मिश्रा द्वारा अज्ञात आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं लूटे गए मशरूका की बरामदगी हेतु 10,000 रुपये का नगद ईनाम घोषित किया गया तथा एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया।

इस घटना में पुलिस मुख्य आरोपी रामसिंह भदौरिया निवासी भरसाबाबड़ी, शाढौरा सहित आरोपी अनिकेत मीना पुत्र छतर सिंह मीना उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम उमरिया कला, थाना कुंभराज जिला गुना एवं गोलू उर्फ राहुल पुत्र चतुर सिंह मीना निवासी उमरिया चक्क थाना कुंभराज जिला गुना को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। इसी बीच पुलिस को मुखविर से सूचना मिली थी कि सोनू उर्फ सुनील उर्फ जसरथ पुत्र शंकरलाल मीना उम्र 35 साल निवासी ग्राम केशोपुर थाना कुंभराज जिला गुना के मावन रेलवे स्टेशन पर है जिसे पुलिस टीम द्वारा घेरावंदी कर मौके से गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 315 बोर का देशी कट्टा, 06 जिंदा कारतूस एवं लूटे गये 05 लाख रूपये विधिवत जप्त किये गये। आरोपी को न्यायालय अशोकनगर मे पीआर पर पेश किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि आरोपी सोनू उर्फ सुनील उर्फ जसरथ पुत्र शंकरलाल मीना उम्र 35 साल निवासी ग्राम केशोपुर थाना कुंभराज जिला गुना के विरूद्ध मध्यप्रदेश एवं राजस्थान में दर्जनों अपराध पंजीवद्ध है। आरोपी सोनू उर्फ सुनील उर्फ जसरथ पुत्र शंकरलाल मीना पूर्व में 30,000 रूपये का इनामी आरोपी एवं वर्ष 2017 में ग्राम खटकिया जिला गुना के सरपंच गोपाल मीना के अपहरण में आरोपी रहा चुका है।

## विधायक ने काम शुरू न करने पर दी चेतावनी

# सड़क की मांग को लेकर ग्रामीणों ने विरोध जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



अशोकनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पिपनावदा से फौजुखेड़ी तक लोक निर्माण विभाग द्वारा लंबे समय से अधूरी पड़ी सड़क के निर्माण को लेकर लगातार अवगत कराने के बावजूद जब कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। तब मजबूरन ग्रामीणों के साथ मौके पर धरना प्रदर्शन किया गया। धरना स्थल पर ग्रामीणों की मांग पर एसडीओ अशोक गुप्ता एवं तहसीलदार मीना उपस्थित हुए। उन्हें सड़क निर्माण शीघ्र पूर्ण कराने हेतु ज्ञापन सौंपा गया,जिस पर अधिकारियों द्वारा 8 दिनों के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण कराने का आश्वासन दिया गया है।

इस अवसर पर विधायक इंजी. हरिबाबू राय ने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि यदि निर्धारित समय-सीमा में सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ, तो ग्रामीणों के साथ चक्का जाम आंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। महत्वपूर्ण मुद्दे भी प्रमुखता से उठाए गए। कक्षा 1 से 8 तक की वार्षिक परीक्षाओं में नकल पर तत्काल रोक लगाने एवं दोषियों पर सख़्त कार्रवाई की मांग की गई। साथ ही सिरसी, कबीरा, नारायणपुर, छपराई, खिरिया सहित लगभग 20 गांवों में गौशाला के अभाव में आवारा पशुओं से किसानों को हो रहे नुकसान को देखते हुए स्थाई गौशाला निर्माण की मांग प्रशासन के समक्ष रखी गई। विधायक इंजी. हरिबाबू राय ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन किसी राजनीति के लिए नहीं, बल्कि ग्रामीणों की बुनियादी समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए है। यदि प्रशासन समय रहते कार्रवाई नहीं करता है, तो आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा।

## एसडीएम त्रिलोचन गौड़ ने किया विद्यालय और गौशाला का निरीक्षण



**ईसागढ़।** मंगलवार को शास. हाई स्कूल सिरनी और छपरा गौ शाला का किया निरीक्षण। विद्यालय में कक्षा के बाहर टाट-पट्टी पर बैठे पाये गये। विद्यार्थियों को अंदर कक्षा में बेंच पर बैठाया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था एवं मध्यान्ह भोजन मेन्यू अनुसार नहीं होने से नाराजगी व्यक्त की गई एवं प्राचार्य को कारण बताओ सूचना पत्र किया गया। मेन्यू अनुसार मध्यान्ह भोजन नहीं होने से स्व-सहायता समूह पर कार्यवाही हेतु सी.ई.ओ. जनपद पंचायत ईसागढ़ को निर्देशित किया गया। साथ ही ग्राम छपरा में स्थित गौशाला का भी निरीक्षण किया गया। जिसमें गौशाला में चारा, पानी एवं विद्युत आपूर्ति की जानकारी ली गई। गौशाला संचालक को गौशाला में स्थित गायों की पर्याप्त देखभाल करने एवं आवश्यक व्यवस्थाएं करने तथा संबंधित ए.वी.एफ.ओ. को गौशाला का नियमित निरीक्षण करने हेतु निर्देश दिये गये।

# 'खेलेगा मुंगावली-जीतेगा मुंगावली'



**मुंगावली।** गणेश शंकर ताल मैदान में मंगलवार को मुंगावली ओलम्पिक खेलों के आयोजन से पूर्व नगर में विशाल मशाल रैली का आयोजन किया गया। जिसमें अंतविद्यालयीन खेल प्रतियोगिता स्टेडियम मैदान में 2 जनवरी से 4 जनवरी तक होगी। इस ओलम्पिक खेलो की मशाल प्रज्वलित कर ओलंपिक रैली का शुभारंभ जिले की बिटिया और एकलव्य आवर्ड ओर ब्रिकम अवॉर्ड विजेता नवीन क्रीड़ा अधिकारी भूरक्षा दुबे के द्वारा किया गया। वही ज्ञानालय परिवार के संयोजक और विधायक पुत्र अर्जुन यादव इस विशाल रैली में शामिल रहें।

इस तरह के ओलम्पिक खेलों से माध्यम से प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के प्रोत्साहन एवं खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ओलम्पिक खेलों का आयोजन किया जा रहा है। गौरतलब रहे कि नगर परिषद के द्वारा इस मशाल रैली का आयोजन गणेश तालाब ग्राउंड से प्रारंभ हुई जो नगर के बस स्टैंड जय स्तंभ चैराहे से पोस्ट ऑफिस श्री राम लीला मंच से गायत्री मंदिर चैराहा, गणेश शंकर विद्यार्थी चैराहा से पुराने थाने के सामने से वापस नगर परिषद ग्राउंड में समापन हुआ। जिसमें गणेश शंकर विद्यार्थी जी की प्रतिमा पर भुरक्षा दुबे और नगर परिषद अध्यक्ष नीतू ग्वाल नरेश ग्वाल, विधायक पुत्र अर्जुन यादव के द्वारा माल्यापरण किया गया। बता दें कि इस ओलम्पिक खेलों में नगर के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 6 से 12 तक के छात्र-छात्राओं की सहभागिता रहेगी। रैली के माध्यम से खेलों के प्रति जागरूकता फैलाने के साथ-साथ विद्यार्थियों में अनुशासन, एकता एवं खेल भावना विकसित करने का संदेश दिया गया हैं इन ओलंपिक खेलो में इन खेलों में कबड्डी, खो-खो, रस्साकशी, टेनिस बॉल क्रिकेट, एथलेटिक्स की विभिन्न स्पर्धाएं, शतरंज, हैंडबॉल सहित अन्य खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इस रैली में ज्ञानलय परिवार संयोजक अर्जुन यादव,एसडीओपी सनम बी खान, थाना प्रभारी अरविंद सिंह कछुवाह, नगर परिषद सीएमओ विनय भट्ट, नगर परिषद अध्यक्ष नीतू ग्वाल, विधायक प्रतिनिधि नरेश ग्वाल,बीईओ श्याम बिहारी शर्मा, शिक्षक प्रमोद चतुर्वेदी सहित विद्यालयों के प्राचार्य ओर शिक्षक खेल प्रशिक्षक एवं अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शासकीय भूमि से हटाया अतिक्रमण

## भू-माफियाओं के विरुद्ध प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




जिला प्रशासन के निर्देशानुसार तहसील चंदेरी अंतर्गत ग्राम प्राणपुर में भू-माफियाओं एवं अवैध अतिक्रमणकर्ताओं के विरुद्ध प्रशासन द्वारा सख्त एवं निर्णायक कार्यवाही की गई। भूमि सर्वे क्रमांक 94, रकबा 0.042 है, शासकीय कुंआ की शासकीय भूमि पर मोहम्मद तौफीक पुत्र सलीम खान जाति मुसलमान द्वारा लगभग 60 वर्ग फीट क्षेत्र में दुकान निर्माण कर अबैध रूप से अतिक्रमण किया गया था।

उक्त अतिक्रमण के संबंध में प्रशासन द्वारा पूर्व में 19 दिसम्बर 2025 को विधिवत कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। निर्धारित समयावधि तक संबंधित व्यक्ति द्वारा कोई भी संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके पश्चात मंगलवार को प्रशासन ने कड़े कदम उठाते हुए जेसीबी मशीन के माध्यम से मौके पर पहुंचकर अवैध अतिक्रमण को हटवाया। यह संपूर्ण कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) मनीष धनगर के निर्देशन एवं तहसीलदार दिलीप दरोगा के नेतृत्व में संपन्न की गई। कार्रवाई के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रशासनिक अमले की मौजूदगी सुनिश्चित की गई। प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि शासकीय भूमि पर अप्रैध कब्जा करने वाले भू-माफियाओं के विरुद्ध किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे शासकीय भूमि पर अतिक्रमण न करें तथा यदि कही अवैध कब्जा हो तो उसकी सूचना प्रशासन को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## 2025 खट्टी मीठी यादों के साथ हो रहा अलविदा, अशोकनगर जिले को कोई नई उपलब्धि नहीं!

# अलविदा हो रहा 2025, नव वर्ष 2026 की तैयारियां जोरों से जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




वर्ष 2025 से जो उम्मीदे जिले के लोगो ने लगाई थी। वह उम्मीदें चर्चाओ के बीच मे रही।जिले को कोई नई उपलब्धि नही मिली। हर वर्ष की तरह 2025 भी विदा हो गया। अब लोगो ने 2026 मे अपने सपनो को लेकर पूरे होने की आशाए जताई है।

अशोकनगर जिला जिस उन्नति की राहो पर होना चाहिए उन राहो पर यह जिला नही चल पाया है। तमाम जन प्रतिनिधि होने के बाद भी कुछ नया इस जिले मे नही हो पाया। स्थानीय संस्थाओ मे भाजपा के प्रतिनिधि है। प्रदेश और देश मे सरकार भी भाजपा की है। लेकिन इन सब के बाबजूद भी अशोकनगर जिले को कोई नई उपलब्धि नही मिल पाई। लेकिन इतना जरूर है कि अब जिले के लोग अधिक जागरूक हो गए हैं और उन्हे जनप्रतिनिधि मीठी मीठी बातो से नही ठग सकते। यह संदेश जरूर 2025 मे जरूर जिले के लोगो ने देने का प्रयास किया है। जन प्रतिनिधियो को जनता की खरी खरी भी सुनना पडी है।

**जिले में अतिक्रमण पर कार्यवाही हुई, कई नवाचार भी हुए** अशोकनगर जिले मे यदि प्रशासनिक दृष्टि से बात करे तो जिले मे कुछ नवाचार देखने को मिले है। कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा बालिका शिक्षा, कुपोषण से मुक्ति, साइकिल यात्रा का नवाचार किया गया। कलेक्टर के द्वारा शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए अभियान चलाया गया। जिले भर के कार्यालयों के निरीक्षण हुए लापरवाहों पर कलेक्टर ने कार्यवाही की। जिला प्रशासन द्वारा सटटा किंग पर की गई बड़ी कार्यवाही भी शामिल है। वह एसपी राजीव कुमार मिश्रा द्वारा आने के बाद जिले में कईं नवाचार किए गए जिसमें यातायात व्यवस्था को सुधारने, अपराधियों पर कार्यवाही के साथ जागरूकता का संदेश दिया।

**जिला मुख्यालय मेडीकल कॉलेज के लिए तरसता रहा** इसी तरह जिले मे यदि कृषि उपज गल्ला मंडी की दृष्टि की बात करे तो दोनों मंडीयों में माल की बंफर आवक होती रही। इस बाद वर्षा भी खूब हुई। स्वास्थ्य की दृष्टि से बात करे तो अशोकनगर शहर की जिला अस्पताल को 300 विस्तर का दर्जा तो मिल पाया। लेकिन अस्पताल का नया भवन अभी और समय लगेगा। जिले में न मेडिकल कॉलेज आया। अगर शिक्षा की दृष्टि से बात करे तो शहर मे कोई भी बडा कॉलेज नही खुला। जिले के छात्र छात्राए महानगरो और पडौसी जिलो पर निर्भर रहे। इस वर्ष कृषि महाविघालय भी नही आया और केन्द्रीय विघालय की स्वीकृति जरूर हुई और केन्द्रीय विद्यालय लगना भी प्रारंभ हो गया।

इन्दौर के लिए रेल की मांग फिर अधूरी रह गई

जिले मे रेल यातायात की दृष्टि से बात करे तो मांगो का सिलसिला जारी रहा। जिले को ग्वालियर से बैंगलूर जाने वाले नई ट्रेन की सुविधा का लाभ मिला और गुना बीना ट्रेन को रूठियाई तक बढ़ाया गया। इसके अलावा एक भी मांग पूरी नही हुई। इन्दौर के लिए रेल सुविधा की मांग बड़ा मुददा बनी है।

**कोई नेशनल हाईवे नहीं आया, किसी ने रूचि नहीं ली** अगर सडक यातायात की बात करे तो अशोकनगर जिले मे नेशनल हाइवे की मांग उठती रही। लेकिन मांग पूरी नही हुई। शहर को चारो ओर से रिंग रोड से जोडने की मांग फिर भी अधूरी रही। लेकिन विदिशा रोड़ से गुना रोड़ जोड़ने के लिए एक नए वायपास की जरूर घोषणा की गई। मुगावली और शाढौरा रेल फाटक पर ओवर ब्रिज निर्माण की प्रक्रिया चलती रही। अगर औघोगिक दृष्टि से बात करे तो जिले को कोई बडी उपलब्धि हासिल नही हुई परमाणु संयत्र को लेकर जरूर नाम सामने आया है अधिकारी भी आए लेकिन हुआ कुछ नहीं। खेलो की दृष्टि से बात करे तो जिले के खिलाडी प्रदेश और देश के मानचित्र पर अपने खेल का प्रर्दशन करते रहे और कई पुरूस्कार भी अर्जित किए। अशोकनगर के अक्षत रघुवंशी का चयन आईपीएल क्रिकेट स्पर्धा में हुआ। जिले के किसान खाद को लेकर जरूर परेशान होते रहे लेकिन यहा के किसानो ने मक्का का रिकॉर्ड उत्पादन कर एक नई किस्म को जन्म दिया। परंपरागत फसलो से किसानो का ध्यान हट रहा है।

**शहर और जिला धर्म के रंग में रंगा रहा** जिले मे धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम खूब होते रहे। इस बार जिला मुख्यालय को पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज के चातुर्मास का मौका मिला। शहर में जैन मंदिरों का निर्माण होने के साथ पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन करने का मौका मिला। शहर में धर्म कथाएं होती रहीं वर्ष भर होने वाली जंयती के आयोजन भी होते देखे गए। शहर मे सडको का निर्माण जरूर हुआ।

### जिला पुलिस की गठित 7 विशेष टीमों ने जंगलों में घेरकर 3 आरोपी दबोचे

# खुलासा: पारदी गैंग ने राजगढ़ के सर्राफा बाजार में मचाई थी दहशत

## गिरफ्तार आरोपियों के लिए न्यायालय से मांगी गई पुलिस रिमांड एसपी बोले-अन्य आरोपी भी जल्द होंगे सलाखों के पीछे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विगत दिनों राजगढ़ मुख्यालय के किला क्षेत्र स्थित सर्राफा बाजार में 12 से 15 हथियारबंद बदमाशों ने काफी समय तक दहशत मचाते हुए तीन दुकानों को अपना निशाना बनाया था। यह हथियारबंद बदमाश अलग-अलग सरार्फा व्यापारियों के यहां से करीब 14 लाख रुपए से अधिक का माल लूटकर ले गए थे।

पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के नेतृत्व में गठित पांच विशेष टीमों में शामिल 75 से अधिक पुलिसकर्मियों ने दहशत की इस वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गुना जिले के जंगलों में पहुंचकर गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी पारदी गैंग से ताल्लुक रखते हैं जिन्होंने पूरे गुना, अशोकनगर सहित आसपास के क्षेत्रों में दहशत मचाई हुई है। फिलहाल जो तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं उनमें गैंग का मुखिया भी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूट और चोरी का कुछ सामान सहित बाईकें बरामद कर ली हैं। अब पकड़े गए आरोपियों के लिए न्यायालय से पीआर मांगी जा रही है ताकि अन्य दहशतगर्दों को भी जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

### गैंग के मुख्य सरगना पर अनेकों अपराध पूर्व से दर्ज

एसपी तोलानी ने बताया कि पारदी गिरोह के जिन बदमाशों ने राजगढ़ में इस वारदात को अंजाम दिया उनके सरगना जीवा पिता रोवा पारदी निवासी ग्राम कनारारी थाना धरनावदा जिला गुना पर दर्जनों अपराध दर्ज हैं। इसके साथ ही गिरफ्तार अन्य दो आरोपियों में गिरिराज पिता जगदीश पारदी निवासी ग्राम बीलाखेड़ी थाना धरनावदा जिला गुना एवं छोटू पिता छैला पारदली निवासी गुना शामिल हैं।

### अन्य आरोपियों को पकड़ने न्यायालय से मांगी पीआर

राजगढ़ में हुई लूट व डकैती की इस वारदात को 12 से 15 बदमाशों ने अंजाम दिया था। अब पुलिस ने जिन तीन आरोपियों को पकड़ा है उनके लिए न्यायालय से आठ दिवस की पीआर(पुलिस रिमांड) मांगी गई है ताकि शेष आरोपियों को जल्द दबोचा जा सके। आरोपियों के पास से 01 भरमार बंदूक, 115 टोपी भरमार बंदूक, 15 जिंदा कारतूस, छह मोटर साइकिल, लूट में प्रयुक्त अन्य सामग्री सहित 2 लाख 50 हजार का माल अब तक जब्त किया जा चुका है। पुलिस को मिली इस सफलता में गुना जिले की पुलिस टीम का भी अहम योगदान रहा है।

**गुना के जंगलों में पकड़ाए आरोपी**

- पुलिस टीमों ने बिना रोशनी के जंगल में मूवमेंट किया।
- अलग-अलग दिशाओं से घेराबंदी की गई।
- जंगल के भीतर आरोपियों ने सूअर का मांस भी पकाकर खाया।
- चैतरफा घेराबंदी के बाद 3 गिरफ्तार बाकी फरार

### मध्यरात्रि किला क्षेत्र में पहुंचे थे ये हथियारबंद बदमाश

24-25 दिसंबर की मध्यरात्रि राजगढ़ नगर के किला क्षेत्र में सराफा व्यापारी राजू सरार्फ के यहां सबसे पहले वारदात को अंजाम दिया गया। यहां बदमाशों उनकी दुकान का शटर उचकाकर करीब 10 के लगभग नकदी एवं ज्वेलरी पर हाथ साफ किया था। इसी मकान में सचिन सोनी की दुकान का ताला तोड़कर तिजोरी में रखी गुल्लक निकालकर उसमें रखे करीब 40 हजार रुपए व ज्वेलरी पर भी बदमाश लूट ले गए थे। 15 से अधिक की संख्या में आए इन बदमाशों ने समीप के मुकेश सोनी की दुकान पर भी वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया था लेकिन सफल नहीं हो पाए थे।

**विद्युत लाइन की चपेट में आने से मौके पर ही हुई थी मौत**

# बंदर की अंत्येष्टि करके जीवों पर दया करने का दिया संदेश



**ब्यावरा।** नगर में मंगलवार को राजगढ़ रोड स्थित गुरुद्वारे के सामने एक बंदर की 11 केवी विद्युत लाइन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना तब हुई जब बंदर बिजली के खंभे पर चढ़ रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, खंभे पर चढ़ते समय बंदर अचानक विद्युत तार के संपर्क में आ गया, जिससे उसे तेज करंट लगा। स्थानीय रहवासियों ने तुरंत बंदर को बचाने का प्रयास किया, लेकिन तेज करंट और ऊंचाई के कारण वे सफल नहीं हो सके। घटना के बाद बंदर का एक साथी खंभे से नीचे उतर आया, जिसे देखकर मौके पर मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में नागरिक मौके पर एकत्रित हो गए। लोगों ने इस घटना को दुखद बताते हुए विद्युत सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए। स्थानीय नागरिकों और समाजसेवियों ने बंदर को भगवान श्री हनुमान जी का स्वरूप मानते हुए उसे पूरे सम्मान और श्रद्धा के साथ अंतिम विदाई देने का निर्णय लिया। इसके बाद बंदर को पुष्पमालाओं से सजाया गया और एक भव्य शवयात्रा निकाली गई। यह शवयात्रा राजगढ़ रोड स्थित गुरुद्वारे के सामने से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई ब्यावरा के मुक्तिधाम पहुंची।

यात्रा के दौरान ग्राम नाम सत्य है और जय बजरंगबली के जयघोष गूंजते रहे। मुक्तिधाम पहुंचने पर विधिवत हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार बंदर का अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर उपस्थित समाजसेवियों, स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से रामधुन का जाप किया और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। लोगों ने भगवान श्रीरामचंद्र जी से प्रार्थना की कि वे अपने परम भक्त श्री हनुमान जी के रूप में बंदर को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें। अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सभी ने इस घटना को मानवता और जीवों के प्रति करुणा का एक उदाहरण बताया। इस अवसर पर समाजसेवी मुकेश सेन, हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रिंस छाबड़ा, विनोद जाट, हिमांशु सोनी, नीरज शर्मा, लोकेंद्र परमार, सुनील धाकड़, पप्पू धनगर सहित कई लोग मौजूद रहे।

## नाबालिग पीड़िता के साथ बलात्संग के दोषी को 20 वर्ष कारावास की सजा सुनाई

**नरसिंहगढ़।** तहसील न्यायालय नरसिंहगढ में पदस्थ द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश अशोक भारद्वाज, नरसिंहगढ़ ने अपने न्यायालय के सत्र प्रकरण क्रमांक 183/2021 धारा 376, 376(2) एन, 506 भादवि एवं 5/6 पाक्सो एक्ट में अहम फैसला सुनाते हुए आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास से दण्डित किया गया। घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि पीड़िता का घटना के एक वर्ष पूर्व जब वह स्कूल जाती थी तब उसकी पहचान अभियुक्त से हुई थी। उसी दौरान वह आरोपी पीड़िता का मोबाईल नंबर ले लिया था। इसी दौरान मोबाइल से बातचीत कर पीड़िता को बहला फुसलाकर जब अभियुक्त के घर पर कोई नहीं होता था तब अभियुक्त ने पीड़िता को घर पर बुलाकर उसके मर्जी के विरूद्ध उसके साथ गलत काम (बलात्कार) किया था न्यायालय ने अपराध को गंभीर घटना मानते हुए अभियुक्त को 20 वर्ष का सश्रम कारावास व 1 हजार रूपये के अर्थदंड से दंडित किया। शासन की ओर से उक्त प्रकरण में पैरवी मनोज मिंज एडीपीओ नरसिंहगढ़ द्वारा की गई।

### उल्टी-दस्त से पीड़ित हुए 12 लोगों को खिलचीपुर अस्पताल में किया गया भर्ती

# प्रसादी से कई लोग बीमार, फूड पॉइजनिंग की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जिले के खिलचीपुर क्षेत्र के गादिया लुहार गांव में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम की प्रसादी ग्रहण करने से आसपास के तीन-चार गांवों के आधा सैकड़ा से अधिक लोगों की तबीयत बिगड़ गई जिनमें से 12 बीमारों को खिलचीपुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

जानकारी के अनुसार कथा आयोजन में लोगों ने प्रसादी गृहण की थी। इसके उपरान्त कईं बच्चों व लोगों को पेट में दर्द, दस्त, जलन व अन्य शारीरिक तकलीफें शुरू हो गईं। सोमवार रात्रि 12 लोगों को खिलीचपुर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया। हालांकि, फिलहाल सभी की हालत सामान्य है। अस्पताल में भर्ती लोगों ने बताया कि प्रसादी गृहण करने के बाद उन्हें पेट में जलन, दस्त जैसी तकलीफ शुरू हो गईं। सोमवार रात्रि को नेगड़ियां गांव के कुछ युवकों और बच्चों को खिलचीपुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इनमें सोनू तंवर, उर्मिला तंवर, दुलीचंद तंवर, राकेश तंवर, बलवंत तंवर, लखन तंवर, बबलू तंवर, हरिसिंह तंवर, रामबाबु तंवर और निलेश तंवर शामिल हैं। सभी का इलाज अस्पताल में किया गया। नेगडिया निवासी दुलीचंद तंवर ने बताया कि भोजन करने के बाद गांव में 20 से 25 लोग बीमार हुए हैं जिनमें से 12 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

### फूड पॉइजनिंग की आशंका

खिलचीपुर अस्पताल में पदस्थ डॉ. विशाल सिसोदिया ने बताया कि रात्रि में 12 मरीजों को अस्पताल लाया गया जिन्हें दस्त, पेट में जलन जैसी तकलीफ थीं। प्राथमिक उपचार उपरान्त सभी की हालात फिलहाल सामान्य है। उन्होंने बताया कि आसपास के अन्य गांवों के लोगों के संबंध में भी इसी तरह की बात मालूम हुई है।

**कलेक्टर ने संवाद से समाधान कार्यक्रम में लापरवाह अधिकारियों पर की कार्रवाई**

# सीएमओ को नोटिस, एक की वेतनवृद्धि रोकी, कंप्यूटर ऑपरेटर का काटा वेतन



**राजगढ़।** कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने हर मंगलवार 'संवाद से समाधान' जैसा अभिनव कार्यक्रम शुरू किया है जिसके तहत आमजनों की समस्याओं को लेकर संबंधित शिकायतकर्ता और विभाग प्रमुख को आमने-सामने बैठाकर मामलों का निपटारा करते हुए दोषियों पर कार्यवाही प्रस्तावित की जाती है। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में शिकायतकर्ता नाथूलाल जाटव द्वारा बताया गया कि स्वर्गीय बद्रीलाल जाटव की मृत्यु 24 फरवरी 2025 को हुई थी। 2 मार्च को अंत्येष्टि सहायता हेतु नगर परिषद पचोर में आवेदन दिया था। लेकिन आज दिनांक तक अंत्येष्टि सहायता राशि नहीं मिली। कलेक्टर ने शिकायत की गंभीरता को देखते हुए सीएमओ पचोर को कारण बताओ नोटिस, शाखा प्रभारी मांगीलाल गुर्जर की एक वेतन वृद्धि रोकने व कम्प्यूटर आपरेटर का सात दिवस का वेतन काटने के तल्ख निर्देश प्रदान किए।

इसी तरह शिकायतकर्ता गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि आवेदक रमेश परमार की सामान्य मृत्यु पर संबल योजना के तहत मिलने वाला लाभ आज तक नहीं मिला है। कलेक्टर ने शिकायत पर सीईओ जनपद नरसिंहगढ़ को निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी कर्मचारी की जिम्मेदारी तय कर कार्यवाही कर हितग्राही को 07 दिवस में भुगतान करवाएं।

### हितग्राहियों को त्वरित भुगतान के निर्देश

शिकायतकर्ता रेखा गुजराती ने बताया कि गीताबाई के बालक अम्बाराम बागरी की मृत्यु 14 जनवरी 2023 को सड़क हादसे में हुई थी। उन्हें भी संबल योजना का लाभ नहीं मिला है। शिकायत की जांच में सीईओ जनपद सारंगपुर द्वारा बताया गया कि हितग्राही की राशि स्वीकृत हो गई हैं। तकनीकि कारण से ईपीओ फेल होने से भुगतान न हो सका। कलेक्टर ने सात दिवस में भुगतान कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अन्य दो शिकायतों के मामलों को भी कलेक्टर ने मौके पर ही निपटवाकर संबंधितों को त्वरित भुगतान करवाने के आदेश प्रदान किए।

# दो अलग-अलग मामलों में सारंगपुर थाने पर दुष्कर्म के प्रकरण दर्ज

**एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरे की तलाश जारी**

**सारंगपुर।** नगर के पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत दो अलग-अलग मामलों में महिलाओं के साथ दुष्कर्म के गंभीर प्रकरण सामने आए हैं। दोनों ही मामलों में पीड़ति महिलाओं की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों के विरुद्ध बलात्कार सहित गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किए हैं। एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि दूसरे मामले में आरोपी की तलाश लगातार जारी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले मामले में मुकेरवाड़ी निवासी सलीम पिता अब्दुल समद उम्र 45 वर्ष के विरुद्ध एक ही समुदाय की महिला ने थाना सारंगपुर में शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता के बयान के अनुसार आरोपी सलीम ने महिला के साथ दुष्कर्म किया तथा इस दौरान उसका अश्लील वीडियो भी बना लिया। इसके बाद आरोपी द्वारा उक्त वीडियो को वायरल कर महिला को मानसिक रूप से प्रताड़ति किया गया। पीड़ति के आवेदन पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सलीम को गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में ले लिया है। थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है तथा इस मामले में और भी आरोपियों की भूमिका सामने आने की संभावना है, जिन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है तथा जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा। दोनों मामलों ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। पुलिस द्वारा पीड़ति महिलाओं को हर संभव कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जा रही है तथा मामलों की निष्पक्ष जांच की जा रही है।



## पेंशनर्स का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित



**जीरापुर।** पेंशनर संघ के तत्वावधान में स्वास्थ्य परीक्षण शिवीर आयोजित किया गया। तहसील कार्यालय के पास स्थित पेंशनर भवन में मंगलवार को जिला आयुष चिकित्सा अधिकारी राजगढ़ के निर्देशन में पेंशनरों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर डॉक्टर अतुल प्रजापति आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी, डा. संजय दांगी सामुदायिक आयुर्वेदिक चिकित्सक, रामलाल वर्मा ,नानुराम मालवीय कम्पाउन्डर , दिनेश शर्मा होम्योपैथिक कम्पाउन्डर सहित टीम द्वारा निशुल्क परीक्षण एवं निशुल्क औषधि वितरण की गई। जहां पर 86 पेंशनरों को स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत औषधि वितरण की गई। पेंशनर संघ अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद ने आगुंतक पेंशनरों एवं अतिथियों का शब्दों से स्वागत किया गया। इस दौरान अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद ने बताया कि पेंशनर संघ भवन में विधायक हजारीलाल दांगी , सहित पेंशनर बंधुओं ने पंखे , पलंग , कुर्सीयां , पानी की टंकी , पानी की मोटर आदि का सहयोग प्रदान किया जिससे पेंशनर यहां बैठकर संगठन की अपनी गतिविधियों की चर्चा कर सकें।

### 51 किलो फूलों से सजा दरबार

## खाटू श्याम मंदिर पर एकादशी पर्व श्रद्धा व धूमधाम से मनाया



**ब्यावरा।** नगर के प्रसिद्ध श्री खाटू श्याम मंदिर में मंगलवार को पौष पुत्रदा एकादशी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र बाबा श्याम के जयकारों से गूंज उठा। पर्व को लेकर मंदिर प्रबंधन समिति ने व्यापक और सुव्यवस्थित तैयारियां की थीं। बाबा श्याम का दिव्य श्रृंगार उज्जैन से मंगवाए गए 51 किलो ताजे फूलों से किया गया। फूलों से सजे बाबा के अलौकिक स्वरूप ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनियों, पुष्पमालाओं और पारंपरिक सजावट से भव्य रूप दिया गया था। ब्यावरा नगर के साथ-साथ आसपास के गांवों, कस्बों और जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। दोपहर की आरती के समय मंदिर प्रांगण और बाहर के मार्ग श्रद्धालुओं से खचाखच भरे रहे। इस अवसर पर कई गांवों से भव्य निशान यात्राएं निकाली गईं।

ढोल-नगाड़ों और भक्ति संगीत की धुन पर झूमते श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दरबार में निशान अर्पित किए। शहर की पिंजारा गली स्थित काली माता मंदिर से निकली विशाल निशान यात्रा विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें महिला, पुरुष, बच्चे और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### राजस्व जमीन पर कब्जा जमाने विद्याधाम कॉलोनी ने 50 मीटर में दिए 3 इंट्रेस गेट

# रेसीडेंसियल कॉलोनी में बना कॉमर्शियल कॉप्लेक्स

**- नगर पंचायत में भी जमा नहीं की विकास शुल्क, नियमों की उड़ा दी धज्जियां**
**- प्रशासनिक जुर्माने के बाद भी राजस्व की जमीन पर कर रखा है अतिक्रमण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा





कॉलोनाइजर द्वारा कॉलोनी बनाने के साथ साथ कॉमर्शियल कॉम्लेक्स बनाने के चलते जहां मालचपुर प्रशासन ने जुर्माना लगाया था फिर भी कॉलोनाइजर द्वारा लगातार कार्य जारी है। माचलपुर - बकानी को जोडने वाले स्टेट हाइवे नंबर 51 पर रकबा नंबर 1239 पर स्थित विद्याधाम कॉलोनी ने सारे नियमों को ताख पर रखकर निर्माण कार्य जारी रखा हुआ है। हालात यह है कि 50 मीटर के अंदर ही एक ही तरफ से 3 इंटरेंस गेट दिए गए है जिसकी मुख्य बजह राजस्व की सरकारी जमीन पर कब्जा करना बताया जा रहा है।

करोडों की वेशकीमती राजस्व जमीन पर भू-माफिया की निगाह है इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सरकारी जमीन पर सीमेट के पिलर की बाउंड्री करवा दी है जिससे वह सरकारी जमीन का उपयोग कॉलोनी के फायदे की लिए कर सके। प्रशासन की आखों के नीचे इस तरह से एक भू माफिया अपनी मनमानी कर सरकारी जमीन का उपयोग अपने फायदे के लिए कर रहा है और अधिकारियों ने ऑखें मूंद ली हैं। माचलपुर जैसे छोटे से शहर में करोडो की जमीन पर माफियाओं द्वारा अतिक्रमण को अधिकारियों और पटवारी द्वारा नजरअंदाज को क्या समझा जाए। इस बारे में जब टीएनसीपी भोपाल बात करने पर अधिकारी डोगने ने बताया कि यह देखना पडेंगा की माचलपुर में कोई अधिकृत कॉलोनी है या नहीं इसके लिए मुझे आप थोडा समय दीजिए।

### नगर पंचायत में विकास शुल्क भी नहीं किया जमा

रेरा व टीएनसीपी का राग अलापने वाले विद्याधाम कॉलोनी के कॉलोनाइजर द्वारा गलत जानकारी दी जा रही है इसकी पुष्टि नगरपंचायत ने कर दी । नगर पंचायत ने आधीकारिक जानकारी देते हुए बताया कि विद्याधाम कॉलोनी ने कोई विकास शुल्क जमा नहीं की है फिर किस आधार पर सरकारी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। जल्दी ही नगरपंचायत भी इन अवैध कौलोनियों को नोटिस जारी करने वाली है।

### दुकानों की कीमत बढ़ाने राजस्व की जमीन पर किया कब्जा!

शासकीय जमीन पर विद्याधाम कॉलोनी के सत्यनारायण रामगोपाल मोदी द्वारा रहवासी कॉलोनी में निर्मित दुकानों के सामने अतिक्रमण कर कब्जा किया गया है जिस पर नायब तहसीलदार रामनिवास धाकड़ ने अर्थ दंड की कार्यवाही कर बेदखली की कार्रवाई भी की थी। उसके बाद भी अतिक्रमणकारी कॉलोनाइजर रामगोपाल सत्यनारायण मोदी ने पूर्ण रूप से अपना अतिक्रमण नही हटाया है जिससे यह साफ जाहिर होता है अतिक्रमणधारी इस बेशकीमती शासकीय जमीन से अपना अतिक्रमण नही हटाना चाहता है। जिससे यह साफ जाहिर होता है की कालोनी में बनी दुकानों के मुख्य मार्ग पर कनेक्ट होने पर उनकी दुकानों की कीमत कई गुना बढ़ जावेगी । जिम्मेदार अधिकारी का इस और ध्यान ना देना अनेक तरह की शंका को जन्मदेता है।

### 50 मीटर में 3 प्रवेश द्वार क्यों ?

विद्याधाम कॉलोनी के कॉलोनाइजर द्धारा अपने फायदे के लिए सारे नियमों को ताख पर रखकर 50 मीटर के अंदर ही एक ही तरफ से 3 प्रवेश द्धार दिए गए है जिससे राजस्व की बेशकीमती भूमि को दबाया जा सके और कॉमर्शियल कॉप्लेक्स बनाकर भी मोटी रकम वूसल सकें। इस बारे में जब उनसे बात की गई तो वह सारी अनुमतियां होने का दावा करते नजर आए अब देखना यह है कि टीएनसीपी से कब हुई और कौन सा नक्शा पास किया गया इसकी रिपोर्ट भी जल्दी ही प्रकाशित की जावेगी।

### इनका कहना है

हमने पूर्व में भी कार्रवाई की है और यदि फिर अतिक्रमण किया तो आगे भी कार्रवाई की जाएगी।

भेरूलाल दांगी, पटवारी माचलपुर